

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**बिहार लोक भवन, पटना–800022**

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–152/2026*

### अच्छी और गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए पुस्तकालय बेहद जरूरी– राज्यपाल

**पटना 12 अगस्त, 2026 :–** माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने कहा कि अच्छी और गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए समृद्ध पुस्तकालय बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की पहचान नालंदा जैसी महान ज्ञान परंपरा से जुड़ी है और इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए पुस्तकालयों को मजबूत करना जरूरी है।

राज्यपाल आज बिहार विधान परिषद सभागार, पटना में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी, पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि लेक्चर हो सकते हैं, रिसर्च हो सकती है और पेपर लिखे जा सकते हैं, लेकिन असली और व्यापक ज्ञान पुस्तकालय से मिलता है। उन्होंने पुस्तकालयों में अच्छी किताबों, जर्नल, रीडिंग रूम और आधुनिक डिजिटल सुविधाओं की व्यवस्था पर जोर दिया।

हाल में करीब 2,500 असिस्टेंट प्रोफेसरों की एक महीने में नियुक्ति का उदाहरण देते हुए राज्यपाल ने कहा कि 3 जुलाई को विज्ञापन जारी हुआ और 3 अगस्त को परिणाम घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा, "अगर यह हो सकता है, तो बिहार के उच्च शिक्षा क्षेत्र में कुछ भी हो सकता है।"

उन्होंने कहा कि पुस्तकालय का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह विद्यार्थियों के ज्ञान को केवल उनके विषय तक सीमित नहीं रहने देता, बल्कि उसे व्यापक बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विषय के साथ–साथ खेल, कला, संस्कृति, देश–दुनिया और दूसरे क्षेत्रों में भी रुचि लेने तथा नियमित रूप से समाचार–पत्र पढ़ने की सलाह दी।

ई–लाइब्रेरी और फिजिकल लाइब्रेरी की उपयोगिता पर जोर देते हुए राज्यपाल ने कहा कि दोनों को साथ लेकर चलने की जरूरत है। डिजिटल संसाधन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन फिजिकल लाइब्रेरी का अपना अलग महत्व और अनुभव है।

राज्यपाल ने कहा कि लाइब्रेरी साइंस भी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जिसके माध्यम से समाज में ज्ञान और शिक्षा का दायरा बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिहार में पुस्तकालयों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

इस अवसर पर उन्होंने श्री विकास चन्द्र सिंह द्वारा लिखित पुस्तक ''पुस्तकालय विज्ञान एवं प्रबंधन'' का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम को बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री श्री संजय सिंह टाईगर एवं विधान पार्षद श्री संजीव कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

.................................................